संक्षिप्त

युवक का शव मिलने से सनसनी फैली

टोंक । पुरानी टोंक थाना क्षेत्र में बीती रात्रि को हाउसिंग बोर्ड के खाली प्लॉट में संदिग्ध हालत में युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार पुरानी टोंक पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सआदत अस्पताल पहुंचाया। मृतक युवक की पहचान शहर के पंचकुईयां दरवाजा क्षेत्र के रामद्वारा कालोनी में रहने वाला कुलदीप (30) पुत्र जगदीश गुर्जर के रूप में हुई है। मृतक युवक के पास से नशे के इन्जेक्शन एवं स्मैक पीने की सामठी भी मिली थी। कुलदीप सआदत अस्पताल के बाहर चाय की थडी पर चाय बेचता था। रविवार को शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

डॉ. ऋतुराज मीना सम्मानित

चाकसू(निस) स्वास्थ्य भवन जयपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में उप जिला अस्पताल चाकसू में आमजन को उल्लेखनीय चिकित्सकीय सेवाओं के लिए राज्य स्तरीय प्रस्तुति पत्र देकर अस्पताल प्रभारी डॉ.ऋतुराज मीना को सम्मानित किया गया। डॉ मीना को राज्य स्तरीय पुरस्कार डॉ रवि प्रकाश माथुर निदेशक जन स्वा 0 चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर, डॉक्टर एस के परमार निदेशक (एड्स) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर, डॉक्टर लोकेश चौधरी निदेशक लोकेश चतुर्वेदी निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर के द्वारा पुरुस्कार दिया गया साथ ही क्षेत्र चाकसू में आगामी चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि के लिए उत्साहित किया एवं भरोसा दिलाया कि चिकित्सा सेवाओं के लिए राज्य स्तरीय विभाग उनके साथ है

रामनरेश शर्मा सम्मानित

चाकसू(निस)। चाकसू स्थित गणगोरी मैदान में उपखंड स्तरीय सामूहिक गणतंत्र दिवस समारोह में विकसित भारत संकल्प यात्रा में उत्कृष्ट राजकीय सेवाएं देने के लिए कोटखावदा पंचायत समिति कनिष्ठ सहायक रामनरेश शर्मा का प्रशस्ति पत्र एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मान किया। गौरतलब है कि विकसित भारत संकल्प यात्रा में शर्मा ने संकल्प प्रभारी के रूप में एवं सफल मंच संचालन कर यात्रा में अपना विशिष्ट योगदान दिया था। इस पर महेंद्र गौतम, शंकर सिंह सोलंकी, आदि ने शर्मा को बधाई दी।

बच्चों का भविष्य बनाने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका : धनकड़

पावटा। विराटनगर विधानसभा क्षेत्र मे राज्य सरकार के निर्देशानुसार इन दिनो स्कूलो में रोज प्रतिदिन वार्षिकोत्सव व प्रतिभावन समान समारोह कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम मे शनिवार 27 जनवरी को विराट नगर विधान सभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धन कड के मुख्य आथित्य में क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय विराटनगर, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बागावास चौरासी, भांकरी, 28 जनवरी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जोधपुरा, प्रेमनगर, फतेह सिंह वाला भोजाकावास, पंच पहाडी हापोडा में वार्षिकोत्सव व प्रतिभावन समान समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया। शनिवार को आयोजित समारोह के दौरान सर्वप्रथम मुख्य अतिथि विधायक कुलदीप धनकड सहित अतिथियों ने शिक्षा की देवी मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वही छात्राओं ने सरस्वती व गणेश वंदना पर नृत्य प्रस्तुत कर कार्यक्रम की शुरुआत की। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बहुत ही मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां प्रस्तुत दी गई। वही प्रधानाचार्य एवं स्टाफ द्वारा



वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय विराटनगर में प्रतिभाओं का सम्मान किया।

विधायक कुलदीप धनकड सहित सभी अतिथियों का माला व साफा पहनाकर स्वागत किया गया। विधायक कुलदीप धनकड ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भांकरी मे दो कक्षों व चार दिवारी का उद्घाटन भी किया।

विधायक कुलदीप धनकड ने क्षेत्र के विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं के विकास को लेकर भरोसा दिलाया। विधायक कुलदीप धनकड ने कहा कि बच्चों का भविष्य बनाने को लेकर शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। ऐसे में बच्चों को संस्कार वान शिक्षा देकर उन्हें आगे बढाने के लिए प्रेरित करना चाहिए। शिक्षा का विस्तार करने में प्रत्येक व्यक्ति को अपने कर्तव्य मानते हुए ईमानदारी से काम करना चाहिए। शिक्षक राष्ट्र का निर्माता होता है, जिससे भारत जगदगुरु कहलाया जाता है। वर्तमान युग प्रतिस्पर्धा का युग है। इस युग में कठिन मेहनत करने वाले ही सफलता को हासिल कर पाते हैं। युवाओं को मोबाइल की लत लगने से युवाओं का भविष्य अंधकार मय होने लगा है।

पावटा बस स्टैंड पर रोशनी का अभाव

पावटा। कस्बे के मुय जयपुर दिल्ली बस स्टैंड सहित सर्विस रोड पर रात का अंधेरा यात्रियों को डराने लगा है। गहराती हुई शाम के साथ ही बसों से उतरने वाले यात्रियों के लिए यह अंधेरा भारी परेशानी बन बैठता है।

बस स्टैंड के भीतरी हिस्से को छोडकर बाहरी हिस्से में कहीं भी पावटा प्रागपुरा नगरपालिका द्वारा अभी तक रोशनी के लिए लाईट नही नही लगवाई गई है जिससे बस स्टैंड व आस पास एरिया जहाँ मुय बैंक व एटीएम भी स्थित है जिनको अंधेरे में घिरा हुआ देखा जा सकता है। जहाँ बस स्टैंड पर यात्रियों का आवागमन होता रहता है, जिस वजह से यात्रियों के साथ कोई भी वारदात होने का अंदेशा बना रहता है। देर रात बसों से उतरने वाले यात्रियों और विशेषकर महिला यात्रियों को इस अंधेरे की वजह से भारी परेशानी का सामना करना पडता है। अकेले यात्रियों के लिए तो अंधेरे से घिरा हुआ कुछ मीटर का रास्ता तो भारी डरावना साबित होता है। इसके अलावा बस स्टैंड के अंडरपास के नीचे तक भी रोशनी की कोई व्यवस्था नहीं की गई है। रोशनी की उचित व्यवस्था ना होने के चलते यात्री स्नैचिंग, लूटपाट आदि की घटना हो जाने की संभावना से भी डरे हुए नजर आते हैं। लेकिन जिमेदारों का इस और कोई ध्यान नही है। अगर कोई वारदात भी गठित हो जाती है तो एक दूसरे पर पल्ला झाडते नजर आते है।

नगर पालिका ने 13 लोगों को नोटिस दिए

खाटूश्यामजी। कस्बे के प्रसिद्ध बाबा श्याम की धार्मिक नगरी में दिन प्रतिदिन बढती श्रद्धालुओं की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन के सहयोग से दर्शन प्रवेश मार्ग तो सही कर दिया गया लेकिन निकास मार्ग सही नहीं होने पर हाल ही में जिला कलेक्टर कमर उल जमान चौधरी ने निरीक्षण के बाद मुख्य दर्शन मार्ग में आ रहे हैं लोगों को नोटिस जारी कर स्वामित्व के कागजात के लिए कहा गया था। अधिशासी अधिकारी अरुण शर्मा ने 13 लोगों को नोटिस जारी कर दो दिन के कार्य दिवस में स्वामित्व के कागजात पेश करने के लिए कहा गया है वरना समस्त कार्रवाई की जिम्मेदारी स्वयं की होगी।जिन लोगों ने नोटिस नहीं लिए उनके मकान व दुकान के बाहर नोटिस को चस्पा कर दिया गया।एक बार फिर कस्बे वासियों की चिंता की लकीरें साफ जाहिर हो रही है।

बेक डेट में जारी किए नोटिस - खाटूश्यामजी नगरपालिका ने उक्त नोटिस 26 जनवरी की तारीख में निकाले हैं। जबकि नोटिसों को दो दिन बाद 28 जनवरी को चस्पा किया है।ऐसे में नोटिस चस्पा करने के साथ ही मूल दस्तावेज दिखाने की अवधि समाप्त हो चुकी है।ऐसे में जिन लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं।उन लोगों में अवधि निकलने से भी भय अधिक व्याप्त हो गया है।अब देखना यह है कि सोमवार कार्य दिवस के दिन नगरपालिका प्रशासन क्या कदम उठाता है। अरुण शर्मा, अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका खाटूश्यामजी ने कहा कि दर्शन निकास मार्ग में निर्माण कार्य में दुकानें व मकान आ रहे हैं उन्हें स्वामित्व को लेकर कागजात पेश करने को लेकर नोटिस जारी किए हैं।

पावटा में वीरांगनाओं व श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारी सम्मानित

पावटा। कडाके की ठंड और आसमान में छाए घने कोहरे के कारण कुछ देरी से उपखंड स्तरीय 75वां गणतंत्र दिवस समारोह शुक्रवार को विधायक कुलदीप धनकड के मुय आतिथ्य व पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी की अध्यक्षता एवं पावटा प्रागपुरा नगर पालिका चेयर मेन उर्मिला अग्रवाल, पावटा पंचायत समिति प्रधान पूजा चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा प्रधानाध्यापक जयसिंह यादव की मौजूदगी मे राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा के प्रांगण में सरस्वती माँ के सामने दीप प्रज्वलित कर, ध्वजारोहण करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा प्रधानाध्यापक जयसिंह यादव द्वारा आगंतुक अतिथियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में विधायक कुलदीप धनकड व पावटा उपखंड अधिकारी बी एल स्वामी ने 9.30० बजे राष्ट ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली कार्यक्रम में शिक्षक अशोक यादव व महेंद्र यादव के निर्देशन में छात्र-छात्राओं ने मार्च पास्ट व पीटी का प्रदर्शन किया गया। इस मौके पर कस्बे के विभिन्न विद्या लयो के छात्र-छात्राओ ने रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। वही कार्यक्रम में शहीद वीरांगनाओं का समान किया गया साथ ही उपखंड स्तर पर 67 श्रेष्ठ कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियो सहित आमजन व कार्यक्रम के अंत में शानदार प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को उत्कृष्ट कार्य करने पर प्रशस्ति पत्र देकर समान किया गया। इस दौरान विधायक कुलदीप धनकड ने भारत माता की आजादी के लिए हंसते-हंसते अपने प्राण न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों के चरणों में विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर एवं अन्य सभी संविधान निर्माताओं के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की। उन्होंने कहा कि यह अद्भुत संयोग है कि राष्ट -पर्व के ठीक पहले राष्ट -गर्व के एक महान प्रसंग ने अयोध्या में स्वर्णिम अध्याय रच दिया। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की पहल से हुई भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से भारत में राम राज्य की संकल्पना जीवंत और जयवंत हो गई।

सार-समाचार

डॉ. ऋतुराज सम्मानित

चाकसू (निस)। स्वास्थ्य भवन जयपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में उप जिला अस्पताल चाकसू में आमजन को उल्लेखनीय चिकित्सकीय सेवाओं के लिए राज्य स्तरीय प्रस्तुति पत्र देकर अस्पताल प्रभारी डॉ.ऋतुराज मीना को सम्मानित किया गया। डॉ मीना को राज्य स्तरीय पुरस्कार डॉ रवि प्रकाश माथुर निदेशक जन स्वास्थ्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर, डॉक्टर एस के परमार निदेशक (एड्स) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर, डॉक्टर लोकेश चौधरी निदेशक लोकेश चतुर्वेदी निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं राजस्थान जयपुर के द्वारा पुरुस्कार दिया गया साथ ही क्षेत्र चाकसू में आगामी चिकित्सा सुविधाओं में वृद्धि के लिए उत्साहित किया एवं भरोसा दिलाया कि चिकित्सा सेवाओं के लिए राज्य स्तरीय विभाग उनके साथ है

श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ी

बौंली -बामनवास । राजस्थान के हाडौती एवं ढंढाड क्षेत्र में जनआस्था की प्रसिद्ध शक्तिपीठ सवाई माधोपुर जिले की चौथ माता स्थित चौथ का बरवाड़ा तहसील मुख्यालय पर तीन दिवसीय विशाल मेला 27 जनवरी शनिवार से प्रारंभ हो गया वैसे तो यह मेला सात दिवसीय रहता है लेकिन इस 3 दिन में यहां पर श्रद्धालुओं की अपार भीड़ रहती है । दूर-दूर से पैदल एवं कनक दंडवत करते हुए विभिन्न जिलों शहरों में गांव से राजस्थान के अलावा अन्य प्रांतो से भी श्रद्धालु जन मेले में माता जी के दर्शन करने पहुंचते हैं शनिवार चौथ माता जी के श्रृंगार चोला चढ़ाने के साथ यह मेला प्रारंभ हुआ जिसमें रविवार से ही पैदल यात्रियों का मेला स्थल पर पहुंचना लगातार जारी है इस ख्याति प्राप्त मेल को लेकर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सवाई माधोपुर जिला कलेक्टर डॉ खुशाल यादव ने जिले में सोमवार का अवकाश घोषित किया है। मेला स्थल पर अनेको प्रकार के मनोरंजन व अन्य खरीदारियों के लिए सैकड़ो दुकानें सज कर तैयार हो चुकी है रविवार रात्रि को चौथ माता ट्रस्ट द्वारा धर्मशाला में विशाल भजन संध्या आयोजित कराई जाएगी एवं सोमवार को तिलकुटा चौथ पर ठाम पंचायत चौथ का बरवाड़ा द्वारा मुख्य बाजार में संस्कृत म्यूजिकल नाइट आयोजित होगी। चौथ माता मंदिर ट्रस्ट ने भक्तजनों की भीड़ को देखते हुए रविवार व सोमवार को पूरी रात माता जी के दर्शनों को खुला रखने का निर्णय लिया है जिला प्रशासन एवं भक्तजनों ने दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह भंडारे व सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं।

गणतंत्र दिवस समारोह मनाया

फुलेरा । कस्बे सहित सम्पूर्ण भारतवर्ष में राष्ट्रीय पर्व 75 वां गणतंत्र दिवस का समारोह बड़े ही धूमधाम से मनाया गया। इसके चलते जगह जगह पर कार्यालयों व विद्यालयों में राष्ट्रगान के साथ ध्वजारोहण किया गया। नगर पालिका कार्यालय पर तहसीलदार हरेन्द्र मुंड ने ध्वजारोहण किया तो वहीं स्कूल खेल मैदान में नगर पालिका के तत्वावधान में आयोजित मुख्य समारोह में मुख्य अतिथि नवनिर्वाचित विधायक एवं जनसेवक विद्याधर सिंह चौधरी ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। इस दौरान कार्यक्रम की अध्यक्षता पालिका अध्यक्षा संगीता अठावाल रही। वहीं कार्यक्रम में राजकीय और निजी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा शारीरिक व्यायाम (पी टी) और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। इसी क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों व बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ अंक अर्जित करने वाले विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान मंच का संचालन प्रखर वक्ता ओ पी भवन ने अपने चिर परिचित अन्दाज में किया। गौरतलब है कि पालिका बोर्ड मिटिंग में गठित की गई पार्षदों की आयोजन कमेटी सहित भाजपा व कांठोस सहित अन्य पार्षद व कार्यकर्ताओं का मुख्य कार्यक्रम में उपस्थित नही होना एक चर्चा का विषय बना हुआ रहा। वहीं गणतंत्र दिवस पर क्षेत्र की नरेना रोड पर स्थित उपकारागृह पर उपखण्ड अधिकारी सांभरलेक रामकुमार वर्मा ने, वरिष्ठ नागरिक परिषद भवन पर समाजसेवी लालचन्द कुमावत ने, दैनिक रेल यात्री संघ एकीकृत कार्यालय पर जीआरपी थानाधिकारी गुलजारी लाल ने, फुलेरा पुलिस थाने पर थानाधिकारी राजेन्द्र सिंह, जलदाय विभाग कार्यालय पर कनिष्ठ अभियंता मंजू चौधरी, आदर्श विद्या मन्दिर पर मुख्य अतिथि (सेवा निवृत्त प्राचार्य) राजेन्द्र सिंह के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इसी क्रम क्षेत्र में संचालित संस्था की अठाणी संस्था कंज्यूमर्स एक्शन एण्ड प्रोटेक्शन सोसायटी के अध्यक्ष विजेन्द्र प्रकाश हलचल के द्वारा कार्यालय पर ध्वजारोहण किया गया।

श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ

खाटूश्यामजी। नरेश निमावत स्मृति संस्थान द्वारा गिरिडीह वाली धर्मशाला में रविवार से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हुआ।कथा के शुभारंभ से पूर्व गाजे बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई।कलश यात्रा का जगह-जगह स्वागत किया गया।आयोजक अशोक कुमार निमावत ने बताया श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में वृंदावन के आचार्य ब्रजभूषण महाराज कथा का रसपान करवा रहे हैं।कथा प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से सांय चार बजे तक होगी।कथा के प्रथम दिन दुर्गादत शर्मा,महेश निमावत, प्रमोद निमावत, कन्हैयालाल निमावत, मुकेश निमावत, कमलेश निमावत, देवानंद शर्मा,कुल्डाराम,जे.पी शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अवैध खनन को रोकने के लिए विशेष अभियान

पावटा। राज्य सरकार द्वारा अवैध खनन, भंडारण एवं निर्गमन के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत कोटपूतली-बहरोड जिला कलेक्टर कल्पना अग्रवाल के निर्देशन व पावटा उपखंड अधिकारी बजरंग लाल स्वामी की अध्यक्षता में अवैध खनन को रोकने हेतु गठित कमेटी खनन विभाग, राजस्व विभाग, वन विभाग, पुलिस एवं परिवहन विभाग, जल संसाधन विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए आस पास के अवैध खनन क्षेत्र बुचारा मे छतरी की डुंगरी, बुचारा बांध क्षेत्र, आमखोल मंदिर, चांदोयडा की ढाणी, धोलीदाख एवं वन क्षेत्र सहित अन्य खातेदारी भूमि मे खनन माफियाओं शेर सिंह पुत्र राजवीर सिंह निवासी बुचारा, भागीरथ पुत्र गोकुल निवासी खडब,

■ 'अवैध खनन कर्ताओ के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी'

संतोष पुत्र जगदीश निवासी बुचारा, राकेश पुत्र रोहिताश निवासी बुचारा, विक्रम निवासी बुचारा, सुरेश पुत्र सरदार निवासी चोटक्या बुचारा, भगवती प्रसाद पुत्र बंशी निवासी बुचारा, विक्रम पुत्र सरदारा निवासी खात्या वाली ढाणी बुचारा, रमेश पुत्र सरदारा1 निवासी खात्या वाली ढाणी बुचारा, राम निवास यादव निवासी कोसली एवं खातेदारी खनन मे छितर पुत्र मांगू निवासी बुचारा, सुर ज्ञानी पुत्र सोणाराम निवासी बुचारा एवं ग्राम बनाडी बांध क्षेत्र मे अवैध बजरी खनन मे राजाराम पुत्र जाबर निवासी ढाणी दूबडा की भूरी भडाज, संदीप हुल्डा निवासी टोरडा गुजरान के खिलाफ नामजद मामला दर्ज किया गया है। वही पावटा उपखंड अधिकारी बजरंग लाल व प्रागपुरा थाना प्रभारी राकेश मीणा ने बताया कि अवैध खनन कर्ताओ के खिलाफ सभी विभागों द्वारा संयुक्त कार्य वाही जारी है। प्रशासन ने मुखबिर तंत्र को सक्रिय कर आगामी दिनों मे कार्य वाही व औचक निरीक्षण के लिए रूप रेखा तैयार कर सभी विभागो को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। वही निजी खातेदारी भूमि मे किये गए अवैध खनन बाबत खातेदार पर मामला दर्ज कर खाते दारी अधिकार निरस्त कर भूमि को राजकीय भूमि घोषित करने की प्रक्रिया भी की जा रही है।

निराश्रित नंदी को गोशाला लाए

श्रीमाधोपुर। निकटवर्ती कस्बा अजीतगढ के बाजार से रीको की ओर जाने वाले रास्ते पर एक घायल निराश्रित नंदी की सूचना पर गत तीन दिन से नियमित पशुपालन विभाग चिकित्सा कार्मिकों द्वारा उपचार करवाया जा रहा था। इसके बाद श्री कृष्ण गोशाला अजीतगढ अध्यक्ष चैतन्य मीणा, सचिव मूलशंकर शर्मा, कोषाध्यक्ष मोहन लाल पारीक, व्यवस्थापक महेश दीवान, कार्यकारिणी सदस्य दुर्गा प्रसाद सोनी, जयराम बडसीवाल ने मौके पर पहुंचकर घायल निराश्रित नंदी का उपचार करवाया तथा तय किया कि इसके आगामी उपचार के लिए गोशाला रखा जाए। तत्काल पशुचिकित्सा कार्मिकों की राय व क्रेन की सहायता से श्री श्याम सुंदर सैनी की ट्रेक्टर ट्राली से गोशाला लाया गया। इस दौरान रामपाल मीणा, पवन कुमावत, के सहयोग से गोशाला में सुरक्षित सेवा की।

पीएम मोदी के मन की बात सुनी

पावटा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम के 1०9 वें संस्करण को विराट नगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड के नेतृत्व में सभी भाजपा पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओ की उपस्थिति मे सुना गया। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित लोगों से कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश के लिए यह स्वर्णिम और गौरवशाली समय चल रहा है। हम सभी देश के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और हमारी सहभागिता से ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समृद्ध और सशक्त भारत का सपना साकार होगा।

उन्होंने कहा कि सामाजिक समरसता से सर्वांगीण विकास कि दिशा में चल रहे काम के मजबुती के लिए हम सरकार का समर्थन करे यह हमारा नैतिक दायित्व है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का तेज गति से विकास- हो रहा है।कुलदीप इस अवसर पर विराटनगर विधायक कुलदीप धनखड, विस्तारक विराटनगर विधानसभा महेंद्र यादव, प्रधान पावटा पंचायत समिति पूजा चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष कैलाश ताखर, पावटा पंचायत समिति उपप्रधान राजेंद्र सिंह, जिला पार्षद तेजपाल धनवाडिया, चेयरमेन प्रतिनिधि निर्मल पंसारी, वाइस चेयरमैन अशोक कुमार सैनी, नरपत सिंह शेखावत, मंडल अध्यक्ष जयराम सिंह शेखावत, उपेंद्र सिंह शेखावत, जिला मंत्री एलन स्वामी, रोहिताश ताखर, कन्हैयालाल मीणा, हरीश स्वामी, सहित सभी बुथ अध्यक्ष, सेक्टर प्रभारी एवं समस्त कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जनता के सभी अरमानों को पूरा करेंगे : यादव

मनोहरपुर । कस्बे के बस स्टैंड पर रविवार को नवनिर्वाचित विधायक मनीष यादव की जन आशीर्वाद यात्रा पहुंची। जन आशीर्वाद यात्रा बस स्टैंड से गांधी चौक तक निकाली गई और सभा का आयोजन किया गया। जन आशीर्वाद यात्रा में जनप्रतिनिधियों एवं ठाामीणों ने विधायक मनीष यादव का भव्य अभिनंदन किया।

विधायक मनीष यादव रविवार को बस स्टैंड पहुंचे जन आशीर्वाद यात्रा निकाली। जनप्रतिनिधियों ठाामीणों ने विधायक का माला साफा पहनाकर भव्य अभिनंदन किया। यात्रा में पूर्व विधायक जयपुर जिला अध्यक्ष गोपाल मीणा, लोकसभा चुनाव कोऑर्डिनेटर जयपुर ठाामीण हरसहाय यादव, कांठोस प्रदेश प्रवक्ता आर सी चौधरी भी पहुंचे।

सभा को संबोधित करते हुए विधायक मनीष यादव ने कहा कि हमारा क्षेत्र आगे बडे इसके लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा भले ही कांठोस का राज नहीं आया हो लेकिन कांठोस और भाजपा में मतदान का मात्र 2 का अंतर है आने वाले समय में कांठोस का राज भी बनेगा लोकसभा चुनाव में कांठोस का अच्छा प्रदर्शन के लिए एकजुट होकर कडी मेहनत करने की जरूरत है और मैं मेरी जिम्मेदारी को निष्ठा से निभाने का वादा करता हूं उन्होंने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

सैनी समाज ने महासंघ के गठन को लेकर की बैठक

किशनगढ़ बास। गंज किशनगढ़बास के सैनी भवन में खैरथल तिजारा जिले के महासभा गठन को लेकर समस्त सैनी बंधुओं की एक आम सभा का आयोजन किया गया और 11 फरवरी को खैरथल में सैनी समाज के महासंघ गठन को लेकर बैठक किए जाने की घोषणा की।

सैनी समाज के एडवोकेट मुकेश सैनी ने बताया बैठक का शुभारंभ माता सावित्रीबाई फुले और ज्योतिबा फुले की प्रतिमा को पुष्प अर्पित व दीप

■ 'समाज के उत्थान व समाज बंधुओं के हर कार्य के लिए सभी का सहयोग लिया जाये'

प्रज्वलित कर किया इस सभा की अध्यक्षता गंज के मातादीन सैनी ने की। संचालन तिजारा के इंजीनियर तेजपाल सैनी ने किया।

बैठक में शेर सिंह सैनी, महादेव सैनी, प्रेम कुमार सैनी, हरिओम सैनी, राजेश सैनी, हीरालाल सैनी, हरसोली से मातादीन सैनी, रूपचंद सैनी, महेंद्र सैनी, गादुवास से रामअवतार सैनी,

ग्यारह फरवरी को महासंघ के गठन को लेकर बैठक सैनी समाज की बैठक होगी ।

मंढा से श्रीचंद सैनी, बालकिशन सैनी कोटकासिम से चंदू सैनी भिवाड़ी समाजसेवी रामानंद सैनी तिजारा फूल सिंह सैनी इंदर सिंह और ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें समाज का एक ऐसा संगठन जिले में तैयार करना है जो समाज के उत्थान के लिए कार्य करें, समाज बंधुओ के सुख-दुख में काम आए, सभी को साथ लेकर चले और हमेशा समाज हित को ही अपना सर्वोपरि कार्य करें तथा हर छोटे बड़े गांव की भागीदारी संगठन में रहे।

सभा में कुलवंत सैनी बाबूलाल मंगतुराम सैनी, नवल किशोर सैनी, बलबीर सैनी, विजेंद्र सैनी, बलवंत सैनी, किशन लाल सैनी, हरिभजन सैनी, अनिल सैनी, राधेश्याम सैनी, उमराव लाल सैनी, बाला प्रसाद सैनी, छज्जू राम सैनी, गणपत सैनी, भवानी सैनी, पदम सैनी, योगेश सैनी, सुंदरलाल सैनी, अशोक सैनी, कुलवंत सैनी, मातादीन सैनी, सुभाष सैनी आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

महंत बालक नाथ का स्वागत

बहरोड़/ नीमराना। हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में अलवर से सांसद रहे महंत बालक नाथ के मेवात के तिजारा से विधायक बनने के बाद बहरोड़ पहुंचने पर क्षेत्र के लोगों द्वारा उनका स्वागत किया गया। वहीं बहरोड से भाजपा के वर्तमान में चुने गए विधायक डॉ जसवंत यादव स्वागत कार्यक्रम में नहीं पहुंचे।

पंचायत समिति बहरोड़ के प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव के नेतृत्व में मेवात के तिजारा से विधायक बने महंत बालक नाथ का बहरोड़ पहुंचने पर पंचायत समिति परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं सहित स्वागत किया गया। वहीं क्षेत्र में यह भी चर्चा रही कि बहरोड़ से वर्तमान में विधायक बने डॉ जसवंत यादव के कार्यक्रम में नहीं पहुंचने के पीछे क्या कारण रहा क्योंकि भाजपा की फूट में अलवर उत्तर से पूर्व जिला अध्यक्ष बलवान सिंह यादव सहित भी कुछ लोगों को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया था।

वहीं महंत बालक नाथ ने जब नगर पालिका सहित अन्य विभागीय भ्रष्टाचार पूर्ण अधिकारियों पर कार्यवाही करने की बात कही तो मामला और भी रोचक बनता दिखाई दिया। इस दौरान पंचायत समिति बहरोड़ के प्रधान प्रतिनिधि बस्तीराम यादव सहित डॉ शानू यादव, पार्षद संजय मीर, रोहिताश वकील, एडवोकेट राजाराम, सुरेंद्र यादव सहित गंडाला सरपंच एवं सैकड़ो गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विवाह सम्मेलन 14 फरवरी को

फुलेरा। कस्बे के निकटवर्ती धार्मिक स्थल भन्दे बालाजी मन्दिर परिसर स्थित श्री ब्रह्मा प्रजापति समाज धर्मशाला में रविवार को प्रात: 11 बजे प्रजापति समाज विकास एवं विवाह समिति की एक आवश्यक बैठक समिति के अध्यक्ष हुक्माराम प्रजापति की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक के दौरान आगामी 14 फरवरी को आयोजित होने वाले समाज के 10 वें सामूहिक विवाह सम्मेलन की विभिन्न तैयारीयों को लेकर कई बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा एवं विचार विमर्श किया गया। साथ ही पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं की कमेटीयों का गठन कर विभिन्न कार्य जैसे वधू को दैनै के लिए (गिफ्ट दहेज सामठी), वरमाला व फूलमाला, फोटो ठाफर, हलवाई, जुलूस, फर्निचर, साऊण्ड, स्मृति चिह्न आदि की खरीदारी व बुक करने की जिम्मेदारीयां सौंपी गई। गौरतलब है कि समिति के पदाधिकारियों द्वारा सम्मेलन की पूर्व संध्या पर महिला संगीत फिल्मी गानों के बजाय भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

इसी क्रम में समिति के कोषाध्यक्ष बाबूलाल प्रजापति ने बताया कि विवाह सम्मेलन में विवाह के लिए समिति द्वारा 26 जोड़ो का पंजीयन किया जा चुका है। साथ ही आगे बताया कि पंजीयन की अंतिम तिथि 29 जनवरी रखी गई है। इसी क्रम में समिति के अध्यक्ष हुक्माराम प्रजापति ने बताया कि समिति की आगामी बैठक 7 फरवरी को होना तय किया गया है।

साथ ही आगे बताया कि 7 फरवरी, बुधवार को को ही समिति के द्वारा सम्मेलन के लिए गणेश निमंत्रण भी दिया जायेगा। इस अवसर पर समिति के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया लाल मारवाल आसलपुर, सोहन लाल, राजेन्द्र प्रजापति, गोविन्द नारायण सारडीवाल, सुरेंद्र कुमार धन्नालाल प्रजापति कैलाश चंद गोपाल लाल दम्बीवाल, भागीरथ मल, रामस्वरूप प्रजापति, मोहन लाल छापोला, भंवर लाल प्रजापति, मदन लाल छापोला, मांगी लाल, किशन लाल रैबडिया, सुभाष चन्द, बाबूलाल दम्बीवाल, रामेश्वर प्रसाद, बनवारी लाल प्रजापति, कालूराम, रामकरण, कन्हैया लाल खटोड़ सहित समाज के अन्य कई लोग उपस्थित रहे।

विद्यार्थी हुए सम्मानित : देवली में गणतंत्र दिवस पर आयोजित समारोह में बेहतरीन प्रस्तुतियां देने वाले नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं को शहर के विजन इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल प्रशासन ने किया सम्मानित। इस अवसर पर मंचासीन सभी अतिथियों ने कार्यक्रम में बेहतरीन परफॉर्मेंस देने वाले नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों की पीठ थपथपाई और उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भेंट की ।